राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

प्रदेश में नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन, उच्च शिक्षा में सुधार, जनजातीय विकास, सांस्कृतिक उन्नयन आदि पर की चर्चा, राज्य में कोरोना की स्थिति के बारे में भी की चर्चा

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से राज्यपाल श्री कलराज मिश्र की मुलाकात

जयपुर, 28 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।

राज्यपाल श्री मिश्र की प्रधानमंत्री श्री मोदी से यह शिष्टाचार भेंट थीं। इस दौरान राज्यपाल श्री मिश्र ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन, उच्च शिक्षा में गुणवत्ता के लिए किए जा रहे राजभवन के प्रयासों, जनजातीय कल्याण और राज्य में कलाकारों एवं सांस्कृतिक उन्नयन के लिए उठाये गए कदमों आदि महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने प्रधानमंत्री से राज्य में कोरोना की स्थिति के बारे में भी चर्चा की।

प्रधानमंत्री श्री मोदी को राज्यपाल श्री मिश्र ने मुलाकात के दौरान एक वर्ष की उपलब्धियों की प्रकाशित पुस्तक 'नई सोच—नए आयाम' भी भेंट की। उन्होंने कोरोना जागरूकता के लिए राजभवन की पहल, जनचेतना के लिए आम जन को निरन्तर सजग रहने के लिए किए जा रहे प्रयासों के साथ ही कोरोना काल में 175 वर्चुअल कॉन्फ्रेंस, बैठकों और किए जा रहे दीक्षान्त समारोहों के बारे में भी अवगत कराया।

राज्यपाल श्री मिश्र की प्रधानमंत्री के साथ आधे घंटे से भी अधिक चर्चा हुई। इस दौरान उनके साथ प्रदेश की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र भी मौजूद थीं।

———